## सार-समाचार

### 22 लोगों से वसूले 3.60 लाख रूपए

**गंगापुर सिटी** (निसं)। जयपुर डिस्कॉम के निर्देश पर शहरी क्षेत्र में सघन सतर्कता जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत अवैध सर्विस लाइनों को हटाने के साथ-साथ बिजली चोरी के मामलों का भी खुलासा किया गयझं सहायक अभियंता प्रथम कार्यालय के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में 22 अलग-अलग स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी गई। संबंधित उपभोक्ताओं के खिलाफ़ मौके पर ही कार्रवाई करते हुए 22 लोगों की वीसीआर (विद्युत चोरी रिपोर्ट) भरी गई। सहायक अभियंता राकेश वर्मा ने बताया कि इन मामलों में लगभग 3.60 लाख रुपए की वीसीआर जारी की गई है। अभियान में सहायक अभियंता राकेश शर्मा, कनिष्ठ अभियंता विकास अग्रवाल, अजय वर्मा, अंजली ठाकुर सहित अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। टीम ने संदिग्ध बिजली कनेक्शनों की जांच की और अवैध बिजली आपूर्ति को तुरंत बंद कराया। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि बिजली चोरी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

### प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न

**गंगापुर सिटी** (निसं)। कर्मचारी कॉलोनी स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में राधा-गोविंद प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न हो गया। इस अवसर पर भगवान राधा-गोविंद की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह शोभायात्रा कर्मचारी कॉलोनी और सैनिक नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरी। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया और श्रीफल व मालाएँ अर्पित कर पूजा-अर्चना की। आयोजन से जुड़े पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद दीक्षित ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। विद्वान आचार्य पंडित दोलेश शास्त्री, रामेश्वर शास्त्री, मोनू शास्त्री, सेवाराम शास्त्री और मुकेश शास्त्री के सान्निध्य में मंत्रोच्चार, हवन और पूर्णाहुति के साथ भगवान की मूर्तियों में प्राण प्रतिष्ठा की गई। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों और विद्युत सज्जा से सजाया गया था, जिससे धार्मिक माहौल भक्तिमय बना रहा। महोत्सव के तहत भजन-कीर्तन, संकीर्तन और आरती का भी आयोजन किया गया। अंत में सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरित की गई। इस कार्यक्रम में शहर के सैंकड़ों महिला-पुरुषों ने भाग लिया। इस अवसर पर पंचायत समिति प्रधान मंजू गुर्जर, पूर्व नगर पालिका सभापति संगीता बोहरा, युवा नेता नागेश लोढ़ी, योगेंद्र शर्मा, गोपाल पार्थ, बालकृष्ण शर्मा, शिवचरण अन्ना, गोविंद गुप्ता, मदन मोहन गुप्ता, राजपाल सिंह राजावत, भगवान पाराशर, संतोष गुप्ता, गोविंद पाराशर, रामसिंह जाट, देवेंद्र पाठक और राजेंद्र गुर्जर सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा

**गंगापुर सिटी** (निसं)। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 48 स्थित जुगल किशोर कॉलोनी में शिव परिवार एवं हनुमानजी की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। यह आयोजन पंडित सुआ लाल शर्मा और सुरेश चंद शर्मा के सानिध्य में किया जा रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन, 21 अप्रैल को पंडित राजेंद्र शास्त्री के मार्गदर्शन में भव्य कलश यात्रा और प्रतिमा भ्रमण निकाला गया। बैंड-बाजों के साथ निकली इस कलश यात्रा में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मार्ग में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। बैंड-बाजों के साथ निकली इस कलश यात्रा में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के तहत 22 अप्रैल को शिव विवाह एवं देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। मंदिर में शिव परिवार, हनुमानजी, प्रेतराज, शीतला माता और चौथ माता की प्रतिमाएं स्थापित होंगी। 23 अप्रैल को हवन में पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन होगा, जिसके बाद प्रसादी वितरण किया जाएगा। पार्षद विनोद गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन को लेकर कॉलोनीवासियों में विशेष उत्साह है। इस अवसर पर सत्य प्रकाश सोनी, कृष्णकांत तिवारी, धर्मेंद्र गुप्ता, अंकित मित्तल, आकाश मित्तल सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### विकास कार्यों के लिए दिए 78 हजार

**गंगापुर सिटी** (निसं)। समीपवर्ती नौगांव स्थित राजकीय हायर सैकण्डरी स्कूल में स्टाफ सदस्यों ने स्कूल के भौतिक विकास के लिए 78 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग दिया है। इस राशि पर राज्य सरकार द्वारा 1.17 लाख रुपए का अंशदान मिलने के बाद कुल 1.95 लाख रुपए के विकास कार्य कराए जाएंगे। स्कूल के अवधेश कुमार शर्मा, मुंशीलाल बैरवा, अजय कुमार सक्सेना और झमोलीलाल मीणा सहित अन्य स्टाफ सदस्यों ने मिलकर यह राशि जुटाई। प्रिंसिपल रेणु शर्मा ने यह 78 हजार रुपए की राशि मुख्यमंत्री जनसहभागिता स्कूल विकास योजना के तहत एडीपीसी समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता को सौंपी। यह सहयोग जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की अभिनव पहल श्भविष्य की उड़ान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति जनभागीदारी बढ़ाना है। कार्यक्रम अधिकारी हेमराज मीना ने बताया कि प्राप्त कुल 1.95 लाख रुपए से विद्यार्थियों के लिए फर्नीचर सहित अन्य आवश्यक विकास कार्य कराए जाएंगे। इस अवसर पर एपीडीसी कार्यालय और विद्यालय स्टाफ के कई कार्मिक उपस्थित रहे।

### बच्चों को बाँटी अध्ययन सामग्री

**गंगापुर सिटी** (निसं)। छावा की बगीची स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल में भारत विकास परिषद ने अध्ययन सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को कॉपी, पेन सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम का आयोजन भारत विकास परिषद के प्रांतीय संगठन सचिव आदित्य भारद्वाज के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। भारद्वाज ने कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है, इसलिए बच्चों को अनुशासन के साथ मेहनत कर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए। उन्होंने समय का सदुपयोग करने और निरंतर सीखने की आदत विकसित करने का संदेश भी दिया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों को सम्मान स्वरूप पेन भेंट किए गए। कार्यक्रम के अंत में स्कूल परिवार ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान आरोही भारद्वाज, केशव मीणा, अमायरा सहित स्कूल स्टाफ के विजय सिंह मीणा, विनोद वैष्णव, बृजेश वर्मा, कमलेश मीणा, बीना बाई, पूजा जांगिड़ और रितु शर्मा मौजूद रहे।

### विप्र फाउंडेशन ने किया अभिषेक

**भरतपुर** ( निसं)। विप्र फाउंडेशन भरतपुर द्वारा विष्णु के छटे अवतार भगवान परशुराम के अवतरण दिवस पर भगवान परशुराम जी का पंचामृत से अभिषेक एवं हवन पंडित भुवनेश आचार्य द्वारा विप्र फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष डॉ. सुशील पाराशर की अध्यक्षता में किया गया। सर्व प्रथम सभी विप्र बंधुओं ने भगवान परशुराम का विधि वत रूप से पूजन किया इसके बाद सामुहिक हवन किया गया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाराम पाराशर, प्रदेश महामंत्री डॉ. दयाचन्द पचोरी, शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष अनिल भारद्वाज, प्रदेश सचिव ब्रजभूषण पाराशर, ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कोशलेश शर्मा, महामंत्री जीवन लाल शर्मा, नेमीचंद मुदगल, केदार नाथ पाराशर, राजेद्र डंडोतिया, गीतम शर्मा पीडयानी, किस्सों पंडित, हरगोविन्द मिश्रा, राजेंद्र पंच, ईश्वरी प्रसाद शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, किशन लाल शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत मे प्रसादी का वितरण किया गाय। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रिय कार्यकारिणी सदस्य इन्दुशेखर शर्मा ने बताया भगवान परशुराम जी गौ रक्षक थे। जैसे ही आरती का समापन हुआ। गौ माता ने आकर परशुराम भगवान के समक्ष रखी प्रसादी से भोग लगाया यह ऐसा प्रतित हुआ जैसे स्वमं भगवान परशुराम जी गाय माता के रूप मे पधारे हो। एवं साथ हि सभी विप्र बधुओ को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

### बुधवार से करेंगे भूख हड़ताल

**भरतपुर** (निसं)। अछनेरा रोड के निर्माण की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले कई दिनों से चल रही बैठकों के बाद सोमवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की गई थी। ज्ञापन में बताया गया कि अछनेरा रोड पिछले 6 महीनों से जर्जर स्थिति में पड़ी हुई है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर दिनभर उड़ती धूल-मिट्टी के कारण वातावरण प्रदूषित हो रहा है और स्थानीय निवासियों को सांस लेने में दिक्कत जैसी गंभीर समस्याएं हो रही हैं। इसके बावजूद जिला प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। इसी के विरोध में बुधवार प्रात: 11:00 बजे पक्का बाग सरकारी स्कूल के सामने अछनेरा रोड पर निवर्तमान पार्षद रामेश्वर सैनी अपने समर्थकों और क्षेत्रवासियों के साथ भूख हड़ताल पर बैठेंगे। इसके पश्चात शाम 6:00 बजे अछनेरा रोड पर चक्का जाम किया जाएगा।

# महाराजसर में कुलपति ने किया छात्र-छात्राओं से संवाद व दिया मार्गदर्शन



विद्यार्थियों एवं स्टाफ के साथ खुला संवाद किया।

**भरतपुर** (निसं)। भरतपुर पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महाराजसर में डॉ. प्रताप सिंह धाकड़, कुलपति महाराजा प्रताप, कृषि विश्वविद्यालय उदयपुर के मुख्य आतिथ्य एवं सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ. पी एस यादव मोहनलाल सुखाड़िया, विश्वविद्यालय उदयपुर एवं पुष्पेंद्र सिंह, सहायक कृषि अधिकारी, संयुक्त निर्देशक विस्तार भरतपुर तथा सुरेंद्र सिंह पुलिस उप निरीक्षक महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ अतिथि के रूप में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रधानाचार्य हेमचंद गोयल एवं समस्त स्टाफ द्वारा समस्त अतिथियों का स्वागत करते हुए पीएम श्री से संबंधित विद्यालय में होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में एवं छात्र एवं छात्राओं के बौद्धिक विकास एवं अन्य उपलब्धियों के बारे में विस्तार से अतिथियों को बताया गया। साथ ही बाल वाटिका एवं संविधान कक्ष व्यावसायिक शिक्षा एवं अन्य लैबों का अवलोकन भी कराया गया। अध्यक्षता कर रहे कुलपति महोदय द्वारा विद्यार्थियों एवं स्टाफ के साथ खुला संवाद किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों से कहा की सबसे पहले विद्यार्थियों को विषय का चयन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

गुरु की परिभाषा देते हुए बताया कि गुरु वही है जो विद्यार्थी के घमंड को तोड़ दे एवं उसे सही मार्ग पर लेकर आए, पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को स्किल डेवलपमेंट में भी अपना ध्यान देना आवश्यक है। कृषि विज्ञान मैं सीनियर सेकेंडरी उत्तीर्ण करने के बाद कृषि पर्यवेक्षक बन सकते है एवं कृषि विज्ञान में उच्च अधिकारी ग्रेड पर पहुंचा जा सकता है। साथ ही उन्होंने बताया कि वह भरतपुर के किन-किन सरकारी विद्यालयों से पढ़कर आज कुलपति तक पहुंचे हैं तो आप भी बहुत उन्नित कर उच्च पद पर पहुंच सकते हैं। उन्होंने मोबाइल को सकारात्मक रूप में उपयोग में लेना बताया एवं जीवन में अखबार पढ़ने की आदत डालनी चाहिए एवं संपादकीय पृष्ठ को आवश्यक रूप से पढ़ना चाहिए। साथ ही बताया कि जो भी खिलाड़ी अथवा महान व्यक्ति हुआ है, वह निश्चित रूप से प्रात: चार या पांच बजे से पहले अपना बिस्तर छोड़ देता है इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को प्रात: जल्दी जागने की आदत डालनी चाहिए जिससे पढ़ाई हेतु अधिक समय मिल सके। संवाद के रूप में विभिन्न विद्यार्थियों द्वारा कुलपति महोदय से अपनी जिज्ञासा के रूप में विभिन्न प्रश्न पूछे जिसका माननीय कुलपति महोदय द्वारा उदाहरण देकर के बच्चों की जिज्ञासा को शांत किया। समस्त विद्यार्थियों द्वारा बार-बार ताली बजाकर माननीय कुलपति महोदय का सम्मान किया। अंत में डॉ. दिगंबर सिंह व्याख्याता कृषि विज्ञान द्वारा समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रवि यादव और उपप्राचार्य राकेश कुमार जैन, नंदकिशोर शर्मा, कपिल अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, व्याख्याता सरिता शर्मा, सपना अग्रवाल, अनिल शर्मा, सुनीता शर्मा, अंकित फौजदार, राकेश कुमार जैन एवं सभी छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

## शांति पूर्वक विवाह संपन्न

**रूपवास भरतपुर** (निसं)। रूपवास क्षेत्र की ग्राम पंचायत सज्जनवास में कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा बारात की चड़ाई नहीं होने देंगे को लेकर दी गई धमकी के पश्चात माधुरी के भयभीत पिता विजेन्द्र जाटव ने सोमवार को उपखण्ड अधिकारी विष्णु बंसल को ज्ञापन देकर शांति पूर्वक शादी संपन्न कराने की मांग की गई थी। जिस पर प्रशासन ने हरकत में आ आनन फानन में संबंधित विभाग को निर्देश दिए। मामले को संगीन देख उपखण्ड अधिकारी विष्णु बंसल ने वृताधिकारी नीरज भारद्वाज को अवगत करवाया। साथ ही तहसीलदार अमित शर्मा को भी मौके पर पहुंचने के आदेश दिए। जिस पर शादी से पूर्व ही सायं के समय वृताधिकारी नीरज भारद्वाज के नेतृत्व में थानाधिकारी विनोद मीणा मय जाप्ते के सज्जनवास पहुंच गए। जनप्रतिनिधियों व गणमान्य व्यक्तियों से वार्ता की गई। जिस पर सरपंच शुशील चौधरी सहित सभी गणमान्य नागरिकों ने शांतिपूर्वक विवाह करवाए जाने का आश्वासन दिया।

# करौली में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन

**करौली** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, करौली के तत्वावधान में के अंतर्गत जिले के विभिन्न राजकीय एवं निजी विद्यालयों में मंगलवार को विधिक जागरूकता शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत अरुण कुमार बेरीवाल जिला एवं सेशन न्यायाधीश करौली, बृजेश कुमार शर्मा विशिष्ठ न्यायाधीश पोक्सो न्यायालय, करौली, विनोद कुमार बागड़ी, विशिष्ठ न्यायाधीश, एससी/एसटी न्यायालय, करौली, अंबिका सोनी, अति. जिला एवं सेशन न्यायाधीश सं. 01, हिण्डौन, सुमरथ लाल मीना, अति. जिला एवं सेशन न्यायाधीश सं. 02, हिण्डौन, परवीन बानू, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, करौली, देवेंद्र कुमार, अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, करौली, राजपाल मीना, अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, हिण्डौन, मयंक पालीवाल, अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, टोडाभीम, इंद्र प्रकाश सैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट, करौली, संयोगिता गहलोत, न्यायिक मजिस्ट्रेट, हिण्डौन, पूजा बेनीवाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमहावीरजी, लक्षिता सूत्रकार, अति. न्यायिक मजिस्ट्रेट, करौली, पूजा मीना न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय, हिण्डौन, आलोक भारद्वाज, प्रशिक्षु न्यायिक मजिस्ट्रेट, करौली, करीना काला, प्रशिक्षु न्यायिक मजिस्ट्रेट, करौली, आयुषी गोयल, प्रशिक्षु न्यायिक मजिस्ट्रेट, करौली, रामजीत कुशवाह, असि. एलएडीसी, करौली, दीपक राज मीना, असि. एलएडीसी, करौली, पैनल अधिवक्ता इमामुद्दीन खान, नितिन शर्मा एवं मुकेश मीणा द्वारा विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर विद्यार्थियों को उनके विधिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही साइबर दुर्व्यवहार, डीप फेक वीडियो, फर्जी अकाउंट बनाना और पहचान की नकल करना, क्लास ग्रुप में साइबर बुलिंग, बिना अनुमति के निजी फोटो शेयर करना, अपमानजनक मीम और एडिटेड फोटो, धमकी भरे मैसेज और निजी चौट में गाली-गलौच, ऑनलाइन पीछा करना, डिजिटल अरेस्ट, साइबर फिशिंग, हैकिंग, निजी जानकारी मांगना एवं ब्लैकमेल करना और ऑनलाइन दबाव डालसा, विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली, नि:शुल्क विधिक सहायता, नालसा हेल्पलाईन 15100 एवं चाइल्ड हेल्पलाईन 1098 आदि के संबंध में सरल एवं संवादात्मक तरीके से जानकारी प्रदान की गई।

# विधायक गर्ग ने केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी से दिल्ली में की मुलाकात

**भरतपुर** (निसं)। पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने दिल्ली में केन्द्रीय कौशल विकास एवं उधमिता राज्य मंत्री तथा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी से मुलाकात कर संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की और भरतपुर के विकास तथा राजनीतिक विषयों पर चर्चा करने के साथ ही भरतपुर में राष्ट्रीय कौशल विकास केंद्र और स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर खोलने पर आभार व्यक्त किया और इसे शीघ्र शुरू करवाने की मांग की। विधायक डॉ. गर्ग ने केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को मांग पत्र सौंपकर बाद, मथुरा एनएच 44 पॉइंट से ऊंचा नगला पॉइंट एनएच 123 तक फॉरलेन राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि ये क्षेत्र धार्मिक एवं पर्यटन एवं ऐतिहासिक स्थल मथुरा, वृंदावन के साथ ही आगरा फतेहपुर सीकरी को जोड़ता है। फॉरलेन बन जाने से पर्यटन को बढ़ावा मिल सकेगा तथा यह क्षेत्र मैरिज डेस्टिनेशन हब के रूप में विकसित होगा।

जिससे रोजगार की अपार संभावनाएं बनेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि भरतपुर में विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उनके अध्ययन के लिये एक और केंद्रीय विद्यालय खोलने की आवश्यकता है, जिसे शीघ्र खुलवाने की उन्होंने मांग की।

इसके अलावा डॉ. गर्ग ने कहा कि पूर्व में रेलवे के भेजे गए उदयपुर-आगरा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को भरतपुर होकर चलाने, बरेली- बांदीकुई ट्रेन का ठहराव इकरन में कराने, दिल्ली से मथुरा तक आने वाली डीएमयू ट्रेनों को भरतपुर तक बढ़वाने, निजामुद्दीन से बांद्रा टर्मिनल तक चलने वाली गरीब रथ एक्सप्रेस का भरतपुर में ठहराव करने, दिल्ली-मुंम्बई अगस्त क्रांति को भरतपुर में ठहराव कराने, जयपुर-बयाना पैसेंजर ट्रेन को भरतपुर तक बढ़ाने के अलावा मडरपुर फाटक संख्या एलसी 37 एवं इकरन फाटक संख्या एलसी 31 पर आरओबी का निर्माण कराने तथा रारह फाटक संख्या एलसी 252 पर बने आरओबी को फॉरलेन में परिवर्तित कराने के प्रस्तावों को भी स्वीकृति दिलाई जाए ताकि यात्रियों को लाभ मिल सके और विकास को गति मिल सके। इस दौरान उन्होंने केन्द्रीय मंत्री चौधरी से स्किल्ड इंडिया ट्रेनिंग और अन्य तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र के रूप में भरतपुर को हब बनाने सहित अन्य विकासशील मुद्दों पर चर्चा की । विधायक डॉ. गर्ग द्वारा की गई मांगों को केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने गंभीरता से लिया और शीघ्र ही मांगों को पूर्ण कराने का आश्वासन दिया।

# सपेरा बस्ती में महिलाओं को दिया पंच परिवर्तन का मंत्र

**गंगापुर सिटी** (निसं)। कॉलेज रोड सपेरा बस्ती में स्थानीय महिलाओं को पंच परिवर्तन के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई गई। राष्ट्रीय संयोजिका अंजना रावत ने सपेरा बस्ती में जाकर महिलाओं को पंच परिवर्तन की जानकारी दी और बताया कि पंच परिवर्तन के द्वारा हम अपने जीवन में किस तरह परिवर्तन ला सकते हैं। इसमें सामाजिक समरसता के माध्यम से सबको साथ लेकर आगे बढ़ने का प्रयास किया जा रहा है जिससे कि आपसी भाईचारा और प्रेम बढ़ेगा और राष्ट्र उन्नति की ओर अग्रसर होगा। पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से बताया कि सृष्टि हम सब प्राणियों की माँ है। लेकिन इस भौतिकतावादी जीवन के बढ़ने के कारण प्रकृति का शोषण होता जा रहा हैं। इसकी सुरक्षा के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ पौधे एवं जल संरक्षण करना चाहिए। कुटुंब प्रबोधन भारतीय संस्कृति आत्मा है। राष्ट्र निर्माण की परंपरा में कुटुंब का विशेष महत्व है, यह मैं से हम की यात्रा का पहला कदम है। सभी को नियमित साथ बैठना, साथ में भजन करना, भोजन करना एवं भ्रमण करना परिवार में आपसी सामंजस्य बढ़ता है। उन्होंने सभी से स्वदेशी वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग करने का आहवाहन किया। इस दौरान नागरिक कर्तव्य का पालन करते हुए भारतीय संविधान के कानून, नियम,अनुशासन के बारे में जानकारी दी गई।

# उप निदेशक ने टांडा, धौर आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए

**भरतपुर** (निसं)। जिला कलेक्टर कमर चौधरी के निर्देशानुसार आईसीडीएस उप निदेशक सिकरामा राम चोयल ने उपखंड क्षेत्र भरतपुर के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र टांडा (सेवर) पर कार्यकर्त्ता सुनीता शर्मा उपस्थित मिलीं, जबकि सहायिका मंजू अनुपस्थित पाई गईं। इस पर उपस्थित एलएस ममता अग्रवाल को निर्देश दिए गए कि अनुपस्थित सहायिका के विरुद्ध सीडीपीओ कार्यालय सेवर से नोटिस जारी किया जाए। केंद्र वर्तमान में किराये के भवन में संचालित हो रहा है, क्योंकि राजकीय विद्यालय भवन जर्जर होने के कारण ध्वस्त किया जा चुका है। शाला पूर्व शिक्षा में पंजीकृत 25 बच्चों में से 16 बच्चे उपस्थित मिले। बच्चों को मीठे मुरमुरे वितरित किए गए। मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना के अंतर्गत दूध पाउडर का स्टॉक शून्य पाया गया। एफआरएस के माध्यम से टीएचआर वितरण में 31 में से 30 लाभार्थी जुड़े हुए हैं। न्यूट्री किट उपलब्ध नहीं होने का कारण उस समय गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण न होना बताया गया। सेनेटरी नैपकिन का वितरण 175 लाभार्थियों को किया जा चुका है। पीएमएमवीवाई योजना के अंतर्गत 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक 5 माताओं के आवेदन ऑनलाइन किए गए हैं।

इसके पश्चात उप निर्देशक ने आंगनबाड़ी केंद्र धौर द्वितीय (सेवर) का निरीक्षण किया, जहां एलएस ममता अग्रवाल, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता आशा देवी एवं सहायिका ललिता उपस्थित मिलीं। यह केंद्र राजकीय विद्यालय परिसर में संचालित है। कार्यकर्त्ता को निर्देश दिए गए कि केंद्र में पड़े टूटे-फूटे सामान एवं पुराने पोस्टर-बैनर का निस्तारण किया जाए। यह केंद्र आदर्श आंगनबाड़ी के रूप में विकसित किया गया है, जहां सीडीपीओ सेवर के माध्यम से छत की मरम्मत, नए फर्श का निर्माण, रसोई में स्लैब, पानी की टंकी, आरओ, पंखे एवं विद्युत फिटिंग का कार्य कराया गया है। केंद्र के शौचालय से विद्यालय का ट्यूबवेल लगभग 100 मीटर दूरी पर स्थित है। इस पर सीडीपीओ को निर्देशित किया गया कि ट्यूबवेल से पानी की टंकी तक पाइपलाइन बिछाकर नल कनेक्शन से जोड़ा जाए।

उन्होंने बताया कि एफआरएस के तहत टीएचआर वितरण में 56 में से 52 लाभार्थी जुड़े हैं। ईसीसीई में 19 बच्चों में से 5 की अपार आईडी बनाई जा चुकी है, जबकि शेष 12 बच्चों का बाल आधार बनवाने के निर्देश दिए गए। केंद्र पर बच्चों को किलकारी, उमंग एवं तरंग पुस्तकों के माध्यम से शिक्षा दी जा रही है। बच्चे कविता पाठ कर रहे हैं एवं खिलौनों के साथ आनंदपूर्वक गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। न्यूट्री किट में 3 प्राप्त एवं 3 का वितरण किया जा चुका है। सेनेटरी नैपकिन 170 में से 123 लाभार्थियों को वितरित किए गए हैं, जबकि शेष 47 को शीघ्र वितरण के निर्देश दिए गए हैं। उप निर्देशक ने संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखने एवं योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक सुनिश्चित रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए।

## दुकानदारों पर पूरी दवा न देने का आरोप

**डीग, भरतपुर** (निसं)। राजस्थान पेंशन समाज जिला शाखा डीग का एक प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को जिला अध्यक्ष गंगा शरण शर्मा के नेतृत्व में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय सिंघल से मिला। इस दौरान पेंशनरों को आरजीएसएच योजना के तहत दवाइयां नहीं मिलने से हो रही परेशानियों से अवगत कराते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई। पेंशनरों ने बताया कि आरजीएसएच योजना के अंतर्गत स्वीकृत मेडिकल स्टोर संचालक दवाइयां देने में आनाकानी कर रहे हैं। यदि दवाइयां दी भी जाती हैं तो चार में से एक या दो ही दवाएं दी जाती हैं, जबकि ब्रांडेड दवाइयां बिल्कुल नहीं दी जा रहीं। समय पर पूरी दवाइयाँ नहीं मिलने से पेंशनरों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधि मंडल ने यह भी बताया कि योजना के नियमों को लेकर स्पष्टता का अभाव है। कई स्थानों पर केवल डॉ. की मोहर में अंकित नाम के आधार पर दवाइयां देने से इनकार किया जा रहा है। डीग जिले के बृजनगर उपखंड में भी डॉ. का नाम स्पष्ट होने के बावजूद पेंशनरों को दवाइयाँ नहीं दी गईं, जिससे उनमें आक्रोश है।

## सार-समाचार

### सैंट पीटर्स स्कूल में जागरूकता शिविर आयोजित

**डीग, भरतपुर** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के द्वारा एक अभियान संपूर्ण राजस्थान में शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर के अध्यक्ष बलजीत सिंह के मार्गदर्षन में साइबर अपराध एवं विधिक जागरूकता विषय पर विधिक जागरूकता षिविर आयोजित किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर अनुतोष गुप्ता द्वारा सैन्ट पीटर्स स्कूल, भरतपुर पर विधिक जागरूकता षिविर का आयोजन किया गया। षिविर में उपस्थित विद्यार्थियों को साइबर अपराध, नकल विरोधी कानून, एंटी-रैगिंग कानून तथा पोक्सो अधिनियम आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही नालसा स्कीमस, घरेलू हिंसा, नि:षुल्क विधिक सहायता, कानूनी प्रक्रिया, बाल विवाह अभिषाप एवं उसके दुष्परिणाम, बच्चों का हेल्पलाईन नं. 1098, नालसा के टोल-फ्री राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाईन नं. 15100 के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013, अनुसूचित जाति/जनजाती के विरूद्ध अस्पृष्यता और अत्याचार के अपराधों से संबंधी कानून, बिना लाइसेन्स वाहन न चलाना, टैफिक नियम, राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के बारे में बताया एवं उनकी समस्याओं का निराकरण किया। इसके अलावा माधवेन्द्र सिंह, चीफ, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, भरतपुर द्वारा आर.के. उच्च माध्यमिक विद्यालय, भरतपुर, पूर्णप्रकाष शर्मा, डिप्टी, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, भरतपुर द्वारा पीएम केन्द्रीय विद्यालय, भरतपुर, मृगराज मनहर, असिस्टेंट, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, भरतपुर द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिलौठी, भरतपुर, सुरेन्द्र पाठक, असिस्टेंट, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, भरतपुर द्वारा महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय, बहनेरा, भरतपुर, नीरज शर्मा, असिस्टेंट, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, भरतपुर द्वारा शारदा उच्च माध्यमिक विद्यालय, भरतपुर, अपूर्वा सिंघल, असिस्टेंट, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, भरतपुर द्वारा आदर्ष वषिष्ठ विद्या मंदिर समिति, भरतपुर तथा जयकिषन, असिस्टेंट, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, भरतपुर द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, महुआ, भरतपुर भी साइबर अपराध नालसा जागृति स्कीम, नालसा डॉन स्कीम, नालसा संवाद स्कीम, नालसा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना, अनुसूचित जाति/जनजाती के विरूद्ध अस्पृष्यता और अत्याचार के अपराधों से संबंधी कानून, लोक उपयोगी समस्याओं का सुलभ और त्वरित समाधान, नि:शुल्क विधिक सहायता, बाल विवाह के दुष्परिणाम, साइबर क्राइम, पोक्सो अधिनियम, घरेलू हिंसा और शोषण, जबरन बालश्रम, पीड़ित प्रतिकर योजना, नालसा हेल्पलाईन नम्बर 15100 से संबंधित कानूनों के बारे में विधिक जागरूकता षिविर का आयोजन किया गया।

### सामुदायिक गतिविधि का आयोजन

**सूरौठ** (निसं)। महिला एवं बाल विकास विभाग के सेक्टर सूरौठ के आंगनवाड़ी केंद्र मालियों की ढाणी भुकरावली में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें हरि पत्तेदार सब्जियों, दालों, मोटे अनाज, आदि की स्टॉल प्रदर्शनी कर समुदाय को कुपोषण से बचाव हेतु जागरूक किया गया। आज के कार्यक्रम में सेंटर फॉर माइक्रोफाइनेंस से सौभाग्य सहारिया ने शाला पूर्व शिक्षा के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। यूनिसेफ की सहयोगी वात्सल्य संस्थान से ब्लॉक कॉर्डिनेटर जितेंद्र सिंह ने कार्यक्रम के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं अन्य लाभार्थियों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। उन्हें हरी पत्तेदार सब्जियां, दालें, मोटे अनाज एवं मौसमी फलों के सेवन की सलाह दी गई। साथ ही आयरन एवं कैल्शियम की गोलियों के नियमित सेवन, उचित वजन वृद्धि एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। पोषण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संतुलित आहार बच्चों एवं माताओं के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने पोषाहार के विभिन्न लाभों की जानकारी देते हुए समुदाय को इसे नियमित रूप से आहार में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लीला देवी ने जीवन के प्रथम 1000 दिनों के महत्व को विस्तार से समझाते हुए बताया कि यह अवधि बच्चे के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने आहार विविधता पर जोर देते हुए दैनिक भोजन में विभिन्न खाद्य समूहों को शामिल करने की आवश्यकता बताई। लाभार्थियों को पोषण और शिक्षा पर सुचारू रूप से जागरूक किया। आज के कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लीला देवी, रविना देवी व अन्य कार्य कर्ता एवं गर्भवता, धात्री माताओं-किशोरी बालिकाओं सहित अनेक लाभार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही।

### चालक का अपहरण कर पीटा

**भुसावर भरतपुर** (निस)। थाना भुसावर क्षेत्र में एक हाइवा चालक का बोलेरो में आए कुछ लोगों द्वारा अपहरण कर बुरी तरह मारपीट करने का मामला सामने आया है। जिस पर पुलिस जांच कर रही है। गाँव कोटकी निवासी रामकेश पुत्र मोहनसिंह गुर्जर ने बताया कि उसका भाई मुकट गुर्जर हाइवा 12 चक्का में लीज से पत्थर भरकर महावीर स्टोन क्रेशर मालपुर गया था। जहां सफ़ेद कलर की बोलेरो गाड़ी में आए लोग अपहरण कर ले गये। जिसकी भुसावर थाना पुलिस को सूचना दी जिस पर पुलिस तलाश में जुट गयी। वहीं मालपुर में भाई के होने की सूचना पर पुलिस के साथ मौके पर पहुँचे जहां बुरी तरह घायल अवस्था में मिले मुकट गुर्जर को थाना लाये और सीएचसी भुसावर ले जाकर मेडीकल करवाया। परिजनों ने बताया कि अपहरणकर्ताओं द्वारा उसके भाई मुकट गुर्जर को बुरी तरह पीटा है और उसे अधमरा समझ कर पहाड़ी पर डाल गये। अपहरणकर्ताओं द्वारा पीड़ित मुकट को जगह जगह से जलाया गया और जेब में रखी नगदी सहित मोबाइल ले लिये। वहीं थानाधिकारी रामदयाल मीणा ने बताया कि परिजनों द्वारा दी गई तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जल्द आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

### हैंडपंपों की हुई मरम्मत

**करौली** (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेशभर में जल जीवन मिशन, अमृत, ग्रीष्मकालीन कंटीन्जेंसी कार्यों, क्षितग्रस्त पाईप लाइनों एवं हैण्डपम्पों का जिला प्रशासन एवं जलदाय विभाग के अधिकारियों द्वारा सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान हजारों स्थानों पर पाईप लाईन लीकेज व हैंडपंपों की मरम्मत कर दुरुस्तीकरण किया गया।18 एवं 19 अप्रेल को संचालित राज्यव्यापी विशेष अभियान में जिला कलेक्टर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार एवं खण्ड विकास अधिकारियों ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के तकनीकी अधिकारियों के साथ गांव-गांव जाकर कार्यों का निरीक्षण किया और मौके पर ही मरम्मत कार्य करवाकर समस्याओं का निस्तारण किया। इस अभियान के अन्तर्गत राज्य में 2677 कार्यों का निरीक्षण किया गया, जिनमें जल जीवन मिशन के 407, अमृत के 80, ग्रीष्मकालीन कंटीन्जेंसी के 77 कार्य एवं अवरूद्ध हैण्डपम्प, क्षितग्रस्त पाईप लाईन इत्यादि शामिल है। जिसके तहत जिले में पीएचईडी द्वारा 33 हैण्डपम्प, 24 पाइपलाइन लीकेज, 20 नलकूप, स्ट्राटर एवं मोटर सुधार के कार्य किए गए जिसका अतिरिक्त जिला कलेक्टर, उपखण्ड अधिकारियों, विकास अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार राज्य में विभाग के तकनीकी कर्मचारी एवं अभियन्ताओं की लगभग 450 टीमों ने कुल 2792 शिकायतों को सूचीबद्ध कर 2775 शिकायतों का निस्तारण किया। इनमें 1535 हैण्डपम्प मरम्मत, 911 पाईप लाईन लीकेज सुधार एवं 329 अन्य सुधार कार्य शामिल है।

### मैरिज गार्डन संचालकों को नोटिस जारी

**करौली** (निसं)। नगर परिषद आयुक्त प्रेमराज मीणा ने बताया कि नगर परिषद करौली द्वारा कड़ी कार्यवाही करते हुए शहर के 14 प्रमुख मैरिज होम और गार्डनों को नगरीय विकास कर की बकाया राशि जमा कराने हेतु नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होनें बताया कि राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा-129 के अंतर्गत यह नोटिस जारी किए गए हैं। बकाया राशि वाले संस्थानों में करौली इन मैरिज गार्डन 10.76 लाख, लक्ष्मी मैरिज गार्डन 11.60 लाख, जिन्दल मैरिज गार्डन 7.2 लाख, गणेश बैक्ट हॉल 1.51 लाख, शिवलॉज 5.98 लाख, वृन्दावन मैरिज गॉर्डन 9.83 लाख, भंवर विलास पैलेस 19.10 लाख, बाबूभाई पैराडाइज 14.07 लाख, गोवर्धन पैलेस 7.02 लाख, आशीर्वाद मैरिज होम 11.87 लाख, गर्ग पैलेस 11.01 लाख, शिवशक्ति मैरिज गार्डन 3.81 लाख, लाडली पैलेस 8.28 लाख, द्वारिकाधीश मैरिज गार्डन 5.22 लाख संस्थान शामिल हैं।